दैनिक राष्ट्रीय डिजिटल समाचार पत्र

www.padmavatmedia.in
padmavatmedia@gmail.com

Reg.No.MH180326353

# पद्मावत मीडिया

• डिजिटल संस्करण मुंबई से प्रसारित •

• न रिश्वत लेंगे, न रिश्वत देंगे •

वर्ष : 11 • डिजिटल अंक : 68 • मुंबई,मंगलवार, 05 नवम्बर, 2024 • प्रधान सम्पादक : पवन जैन पद्मावत • पृष्ठ : 2 • मूल्य-0.00 • नि:शुल्क •

## जिला कलक्टर अरविंद पोसवाल ने किए बालयोगी युवा संत मुनि श्रुतधरनंदी महाराज के दर्शन

### 10 नवम्बर को आयोजित होगा भव्य पिच्छी परिवर्तन एवं चातुर्मास निष्ठापन कार्यक्रम

### मुनिश्री का पाद प्रक्षालन व शास्त्र भेंट सहित हुए विविध धार्मिक अनुष्ठान

पदमावत मीडिया




**उदयपुर** । गोवर्धन विलास हिरण मगरी सेक्टर 14 स्थित गमेर बाग धाम में श्री दिगम्बर जैन दशा नागदा समाज चेरिटेबल ट्रस्ट एवं सकल दिगम्बर जैन समाज के तत्वावधान में गणधराचार्य कुंथुसागर गुरुदेव के शिष्य बालयोगी युवा संत मुनि श्रुतधरनंदी महाराज, मुनि उत्कर्ष कीर्ति महाराज, क्षुल्लक सुप्रभात सागर महाराज के सान्निध्य में प्रतिदिन वर्षावास के आयोजन की धूम जारी है।

चातुर्मास समिति के पुष्कर जैन भदावत ने बताया कि गमेर बाग धाम में सोमवार सुबह 8 बजे उदयपुर जिला कलक्टर अरविंद पोसवाल ने बालयोगी युवा संत मुनि श्रुतधरनंदी महाराज ससंघ के दर्शन किए एवं मुनि संघ से आशीर्वाद लिया। इस दौरान बालयोगी युवां संत एवं जिला कलक्टर पोसवाल ने गहन चर्चा की एवं आगामी आयोजन एवं चातुर्मास निष्ठापन के बाद विहार पर चर्चा की। उसके बाद सकल दिगम्बर जैन समाज के अध्यक्ष शांतिलाल वेलावत, चातुर्मास समिति के विजयलाल वेलावत, हेमराज वेलावत, कांतिलाल देवड़ा, पुष्कर जैन भदावत ने जिला कलक्टर अरविंद पोसवाल का मेवाड़ी पगड़ी, तिलक, उपरणा व स्मृति चिन्ह भेंट कर सम्मान किया गया।

सोमवार को बालयोगी युवा संत मुनि श्रुतधरनंदी महाराज के सान्निध्य में श्रावक-श्राविकाओं ने गमेर बाग धाम में बिराजित मूलनायक भगवान की नित्य नियम पूजा--अर्चना की। उसके बाद पंचामृत अभिषेक एवं शांतिधारा की। वहीं कई श्रावक-श्राविकाओं ने मुनि संघ से आशीर्वाद लिया। चातुर्मास समिति के भंवरलाल गदावत ने बताया कि मुनिश्री का पाद प्रक्षालन, दीप प्रज्जवलन, धर्मसभा के पूर्व शंतिधारा, अभिषेक, शास्त्र भेंट, चित्र अनावरण एवं दीप प्रज्वलन जैसे मांगलिक आयोजन हुए। शाम को सभी श्रावक-श्राविकाओं ने मुनि संघ की आरती की।

- पिच्छी परिवर्तन एवं चातुर्मास निष्ठापन 10 को

चातुर्मास समिति के महावीर देवड़ा, दिनेश वेलावत व कमलेश वेलावत एवं जैन युवा परिषद उदयपुर युवा परिषद के अध्यक्ष रविश मुण्डलिया ने बताया कि 10 नवम्बर को दोपहर 1 बजे गमेर बाग धाम में बालयोगी युवा संत मुनि श्रुतधरनंदी महाराज, मुनि उत्कर्ष कीर्ति महाराज, क्षुल्लक सुप्रभात सागर महाराज की भव्य पिच्छी परिवर्तन एवं चातुर्मास कलश उत्थान के साथ चातुमार्स निष्ठापन का आयोजन होगा। जिसमें हजारों श्रावक-श्राविकाएं सम्मिलित होंगे।

## SBI के कर्मचारी को एसीबी ने किया गिरफ्तार

### 20 हजार रुपये रिश्वत लेते पकड़ा गया

पदमावत मीडिया



**बूंदी** । राजस्थान के बूंदी में एंटी करप्शन ब्यूरो ने बड़ी कार्रवाई की है. एसीबी की टीम ने यहां स्टेट बैंक ऑफ़ इंडिया के फील्ड ऑफिसर को 20 हजार की रिश्वत लेते हुए रंगे हाथों गिरफ्तार किया है. फील्ड ऑफिसर ललित पाराशर किसान को लोन पास करने की एवज में रिश्वत की मांग कर रहा था. शिकायत मिलने पर बूंदी एसीबी की टीम ने जाल बिछाया और ट्रैप की कार्रवाई को अंजाम दिया है. ट्रैप की कार्रवाई बड़ा नया गांव पंचायत समिति में की गई है. एसीबी की टीम लगातार फील्ड ऑफिसर से पूछताछ कर रही है. एसीबी की टीम ने किसान द्वारा दी गई शिकायत पर फील्ड ऑफिसर का दो बार गोपनीय सत्यापन करवाया था.

किसान को लोन देने के लिए 20 हजार की रिश्वत

बूंदी एसीबी की अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक प्रेरणा शेखावत ने बताया कि पीड़ित के पिताजी फूलचन्द मीणा के नाम से 18-20 बीघा जमीन पर किसान समृद्धि ऋण के लिए एसबीआई बैंक में आवेदन किया गया था. जिस पर पीड़ित के पिता की जमीन पर 8 लाख रूपये का किसान समृद्धि ऋण जारी हुआ. लेकिन फाइल को पास करने की एवज में आरोपी ललित कुमार पाराशर जो फील्ड ऑफिसर स्टेट बैंक ऑफ इंडिया शाखा बडा नया गांव में था उसके द्वारा 20 हजार रूपये रिश्वत की मांग की. वहीं किसान को लगातार फील्ड ऑफिसर परेशान कर रहा था जिसकी शिकायत पीड़ित ने एसीबी ब्यूरो मुख्यालय के माध्यम से 1064 हेल्पलाईन पर दर्ज कराते हुए 18 अक्टूबर को बूंदी एसीबी चौकी पेश की.

पीड़ित की शिकायत मिलने पर एसीबी की टीम एक्टिव हो गई और शिकायत का दिनांक 19 अक्टूबर एवं 28 अक्टूबर को गोपनीय सत्यापन करवाया गया. सत्यापन में आरोपी द्वारा पीड़ित से रिश्वत मागनें की स्पष्ट पुष्टि हो गई. जिस पर आज एसीबी की टीम ने जाल बिछाया और फील्ड ऑफिसर ललित पाराशर के बुलाएं स्थान पर पीड़ित को पैसे लेकर भेजा. किसान के पीछे एसीबी की टीम भी थी. इशारा मिलते ही फील्ड ऑफिसर को 20 हजार की रिश्वत लेते हुए रंगे हाथों गिरफ्तार कर लिया.

इस योजना में सीधा मिलता है किसानों को लाभ

जानकारी के अनुसार इस योजना में किसान को सीधा फायदा मिलता है. इसलिए किसान इस योजना से जुड़कर ऋण लेते हैं. इस योजना में समृद्धि ऋण किसानों नकद मिलता है. यह ऋण, मौजूदा ग्राहकों को उनके भुगतान ट्रैक रिकॉर्ड के आधार पर दिया जाता है. एक किसान के पास कम से कम 4 एकड़ ज़मीन होना जरूरी है. न्यूनतम 5 लाख ओर अधिकतम 50 लाख तक का लोन किसानों को मिल जाता हैं.

## डाइट में मनाई गई 'भारत रत्न' सरदार वल्लभभाई पटेल की 150वीं जयंती



पदमावत मीडिया

**उदयपुर** । जिला शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थान डायट उदयपुर में आज 'भारत रत्न' सरदार वल्लभभाई पटेल की 150वीं जयंती राष्ट्रीय एकता दिवस के रूप में मनाई गई

डाइट प्रिंसिपल चंद्रशेखर जोशी के अनुसार इस अवसर पर संस्थान के सेवा पूर्व प्रभाग द्वारा आयोजित कार्यक्रम में मुख्य वक्ता के रूप में संस्थान के प्राध्यापक हरिदत्त शर्मा ने सरदार पटेल के व्यक्तित्व व कृतित्व पर प्रकाश डाला।

अपने उद्बोधन में शर्मा ने बताया कि पटेल को क्यों %सरदार% , 'लोह पुरुष' तथा भारत के 'बिस्मार्क' की संज्ञा दी गई है।

इस अवसर पर उप प्रधानाचार्य डॉ.ओम प्रकाश शर्मा ने सरदार वल्लभभाई पटेल द्वारा राष्ट्रीय एकता व अखंडता के लिए किए गए रियासतों के एकीकरण के प्रयासों को याद करते हुए कहा कि उनके बिना आज के भारत की कल्पना अधूरी होगी।

इससे पूर्व संस्थान के प्राध्यापक दर्जन सिंह सिसोदिया डॉ.जगदीश कुमावत और लक्ष्मण दास वैष्णव द्वारा वल्लभभाई पटेल के चित्र पर माल्यार्पण कर पुष्पांजलि अर्पित की गई।कार्यक्रम का संचालन सेवा पूर्व प्रभाग की प्रभागाध्यक्ष श्रीमती मंजू टाक द्वारा किया गया।

## एसएस 11 ने हराया सराय को, ट्राफी पर जमाया कब्जा



पदमावत मीडिया

**उदयपुर** । मेवलिया प्रजापति समाज की प्रजापति प्रीमियर लीग – 15 के फाइनल मुकाबले में एसएस 11 ने सराय की टीम को हराते हुए ट्राफी पर कब्जा जमाया। प्रतियोगिता के फाइनल मुकाबले के बाद एमबी ग्राउंड में समापन समारोह हुआ। समारोह के मुख्य अतिथि शहर जिला भाजपा मंत्री गजेन्द्र भंडारी थे। जबकि अध्यक्षता वागड मेवाड प्रजापति समाज संस्थान के जिलाध्यक्ष गणेशलाल प्रजापत घासा ने की। विशिष्ठ अतिथि के तौर पर पंचायत समिति सदस्य अजय व्यास, रक्तदाता युवा वाहिनी के संस्थापक कमलेश आचार्य व वरिष्ठ पत्रकार भगवान प्रजापत थे। इस मौके पर अतिथियों ने विजेता और उपविजेता टीमों को पारिताषिक प्रदान किया। नरेश प्रजापत ने बताया कि एसएस 11 ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 8 विकेट के नुकसान पर 93 रन बनाए जबकि सराय की टीम दूसरी पारी में तीन विकेट के नुकसान पर 85 रन ही बना सकी और 8 रन से मैच हार गई। पारितोषिक वितरण से पूर्व मुख्य अतिथि गजेन्द्र भंडारी ने युवाओं से आह्वान किया कि वे अपनी प्रतिभाओं को निखारने के लिए निरन्तर खेल से जुडे रहे। खेल से युवा अनुशासित होते हैं। गणेशलाल प्रजापत ने समाज स्तर पर हो रही इस प्रतियोगिता को निरन्तर आयोजित करने वाली टीम को धन्यवाद देते हुए कहा कि प्रतियोगिता के माध्यम से समाज के युवाओं को एक दूसरे से जोडती है।

## विधानसभा उपचुनाव सलूम्बर मतदाता पर्चियों व पोस्टर बैनर का वितरण

पदमावत मीडिया



**सलूंबर।** विधानसभा सलूम्बर-156 के अंतर्गत निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी पर्वत सिंह चुण्डावत, स्वीप प्रभारी दिनेश चंद्र पाटीदार के निर्देशानुसार जिला निर्वाचन अधिकारी कार्यालय उदयपुर से प्राप्त मतदाता पर्चियों एवं बैनर-पोस्टर का एईआरओ सराडा, जयसमंद एवं सलूम्बर गींगला के सुपरवाईजर को स्वीप प्रकोष्ठ से वितरण किया गया। विधानसभा क्षेत्र में सभी बीएलओ द्वारा मतदाता को सुगम मतदान हेतु मतदाता पर्चियों का वितरण घर घर जाकर किया जा रहा है। साथ ही सभी मतदान केन्द्रों के क्षेत्रों में बैनर एवं पोस्टर लगाकर मतदान दिवस व मतदाता उपयोगी जागकारी से अवगत कराया जा रहा है। यह जानकारी स्वीप प्रभारी एवं अतिरिक्त मुख्य कार्यकारी अधिकारी सलूम्बर दिनेश चंद्र पाटीदार ने दी।

## वार्ड 58 सफाईकर्मियों को बांटी मिठाई

पदमावत मीडिया



**उदयपुर** । दीपावली की शुभ अवसर पर वार्ड 58 पार्षद डॉ शिल्पा पामेचा के वार्ड के सफाईकर्मियों को शहर विधायक ताराचंद जैन के हाथों दीपावली की मिठाई व उपहार बांटे गए। इस अवसर पर मंडल अध्यक्ष विजय आहुजा, सुनील व्यास, अनिल अग्रवाल के साथ ही वार्ड के वरिष्ठ कार्यकर्ता चंद्रकिरण शाकदिपी, त्रिलोक मेहता ,मोहन सालवी ,दिनेश पारीक, भरत प्रजापत, लाल सिंह कुमावत ,सुरेश पालीवाल इत्यादि उपस्थित रहे। सभी लोगों को उपहार देकर अच्छे स्वास्थ्य की कामना की गई।

## मुख्यमंत्री की पहल पर पशुपालन विभाग ने जारी किए निर्देश- गोवंश अब नहीं कहलायेंगे आवारा

पदमावत मीडिया

**प्रतापगढ़** । राजस्थान सरकार के गोपालन विभाग ने स्वतंत्र रूप से विचरण करने वाले गोवंश को निराश्रित/बेसहारा गोवंश के रूप में संबोधित तथा संदर्भित करने के संबंध में पिछले हफ्ते गजट नोटिफिकेशन जारी किया है। यह शब्दावली गोवंश के प्रति सम्मान, संवेदनशीलता और करुणा प्रकट करती है। इस संबंध में गोपालन विभाग ने प्रतापगढ़ सहित राज्य के सभी कलक्टर्स एवं जिला स्तरीय गोपालन समिति के अध्यक्ष को निर्देश जारी किए हैं। विभाग के शासन सचिव डॉ. समित शर्मा के निर्देशों के अनुसार कुछ गोवंश अनेक कारणों से निराश्रित या बेसहारा हो जाते हैं, जो सार्वजनिक स्थानों पर देखे जाते हैं। इन गोवंश के लिए आवारा शब्द का उपयोग अनुचित एवं अपमानजनक होने के साथ हमारे सांस्कृतिक मूल्यों के विपरीत है। ऐसे में स्वतंत्र रूप से विचरण करने वाले गोवंश को आवारा न कहकर निराश्रित/बेसहारा गोवंश के रूप में संदर्भित/संबोधित किया जाना वांछनीय है। निर्दोषों के अनुसार अब से सभी राजकीय आदेश, दिशा-निर्देश, सूचना पत्र, परिपत्र, रिपोर्ट में आवारा शब्द के स्थान पर निराश्रित/बेसहारा गोवंश का प्रयोग किया जाएगा। साथ ही सभी राजकीय एवं अनुदानित संस्थाओं द्वारा गोवंश के लिए भी उक्त प्रकार की शब्दावली का प्रयोग किया जाएगा। इसके लिए आमजन तथा निजी संस्थाओं को भी प्रेरित किया जाएगा।

## बड़ा फैसला - दुष्कर्म और हत्या के मामले में फांसी की सजा, 8 साल की बच्ची के किए थे 10 टुकड़े

पदमावत मीडिया



**उदयपुर** । राजस्थान के उदयपुर में सोमवार को न्याय की जीत हुई है। रेप के बाद 8 साल की नाबालिग बच्ची की हत्या और उसके शव के 10 टुकड़े कर थैली में भरने के मामले में उदयपुर पॉक्सो--2 कोर्ट ने सोमवार को अहम फैसला सुनाया है। कोर्ट ने मुख्य आरोपी 21 वर्षीय युवक कमलेश राजपूत को फांसी की सजा सुनाई है। साथ ही उसके मामा-पिता को साक्ष्य मिटाने व सहयोग करने के मामले में 4-4 साल की सजा सुनाई हैं।

चॉकलेट देने के बहाने घर ले गया आरोपी

बता दें कि 8 दिन पहले मुख्य आरोपी 21 वर्षीय युवक कमलेश राजपूत सहित उसके मामा-पिता को साक्ष्य मिटाने व सहयोग करने के आरोप में दोषी करार दिया था। पुलिस के मुताबिक, आरोपी चॉकलेट देने के बहाने बच्ची को घर लेकर गया था। इसके बाद रेप कर बेरहमी से उसकी हत्या कर दी थी। फिर उसके हाथ-पैर, धड़ सहित शव के 10 टुकड़े कर बोरे में भरकर घर से करीब 200 मीटर दूर एक खंडहर में फेंक आया था। आरोपी मृतक बच्ची के घर के पास ही रहता था और वह बच्ची इसे भैया कहकर बुलाती थी। साथ ही बच्ची रक्षा बंधन पर उसे राखी भी बांधती थी। शरीर के किए थे 10 टुकड़े

चार्जशीट के मुताबिक, आरोपी कमलेश ने घर के बाथरुम में ही पत्थर-छुरी से बच्ची के हाथ-पैर, धड़ सहित पूरे शरीर के अलग-अलग 10 टुकड़े किए थे। फिर उन टुकड़ों को अलग-अलग थैली में भरा था। थैलियों को टॉयलेट में छिप दिया था। कमलेश के माता-पिता को घटना की खबर दूसरे दिन 30 मार्च को लगी थी। तीनों ने मिलकर शव को ठिकाने लगाने का प्लान बनाया था। रात 11 बजे कमलेश शव के टुकड़ों से भरी बोरी घर से करीब 200 मीटर दूर बने खंडहर में फेंकने गया था। इस बीच कमलेश का पिता रामसिंह घर के बाहर ओर मां किशन कंवर खंडहर के बाहर खड़ी रही, ताकि आने-जाने वालों से बेटे को सतर्क कर सकें।

## बारां जिले में थाना छबड़ा पुलिस की कार्रवाई

## ज्वेलरी शॉप में डकैती डालने की योजना बना रहे 6 शातिर बदमाश गिरफ्तार

### चोरी की तीन बाइक, एक अवैध रिवाल्वर, दो कारतूस, एक गुप्ति, एक कट्टर, एक चाकू, 200 ग्राम लाल मिर्च पाउडर एवं नकाब ज़ब्त

पदमावत मीडिया




**जयपुर/बारां** । बारां जिले की थाना छबड़ा पुलिस ने थाना क्षेत्र स्थित एक वीरान पड़े मकान में बैठ कर कस्बे की एक ज्वेलरी शॉप में हथियारों की नोक पर डकैती डालने की योजना बना रहे 6 बदमाशों को गिरफ्तार कर चोरी की तीन बाइक, एक अवैध रिवाल्वर, दो कारतूस, एक गुप्ति, एक कट्टर, एक चाकू, 200 ग्राम लाल मिर्च पाउडर एवं नकाब ज़ब्त किये है। पांच आरोपी थाना छबड़ा व एक थाना पाली बारां के रहने वाले हैं।

एसपी राजकुमार चौधरी ने बताया कि आरोपी लक्ष्मण मीणा पुत्र बद्दु लाल उर्फ बट्या (22) व सुरजमल उर्फ सुरज्या मीणा पुत्र रामचरण (39) निवासी ककरवा, बलवीर उर्फ बल्लु सांसी पुत्र हाकम सिंह (50) निवासी गणपती नगर, भगवान सिह उर्फ दीपक प्रजापत पुत्र सियाचरण (20) निवासी ग्राम मई थाना रामपुरा जिला जालौन उत्तर प्रदेश हाल घरनावदा चौराहा छबडा, रोहित सांसी पुत्र चन्दु (20) निवासी लक्ष्मीपुरा एवं कुलदीप मीणा उर्फ केडी मीणा पुत्र मोरपाल (22) निवासी नानूखेडी थाना पाली को गिरफ्तार किया गया है। आरोपी लक्ष्मण मीणा के पास से रिवाल्वर व दो जिंदा कारतूस, बलवीर के पास लोहे की गुप्ति, भगवान सिंह के पास 200 ग्राम लाल मिर्च पाउडर, सूरज मल के पास नकाब के लिए काले रंग के कपड़े, कुलदीप मीणा के पास एक लोहे का कट्टर व रोहित सांसी के पास से रामपुरी चाकू व मौके से चोरी की तीन बाइक ज़ब्त की गई।

एसपी चौधरी ने बताया कि अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक राजेश चौधरी व सीओ विकास कुमार के सुपरविजन में अपराधिक गतिविधियों में संलिप्त बदमाशों व अपराधों की रोकथाम के लिए अभियान चलाया जा रहा है। इसी क्रम में रविवार को एसएचओ छबड़ा राजेश कुमार खटाना को मुखबिर से सूचना मिली कि हाउसिंग बोर्ड कॉलोनी रीछडा के एक सुनसान पड़े मकान में कुछ बदमाश हथियार लेकर छिपे हुए हैं।

सूचना पर एसएचओ टीम लेकर मुखबिर के बताए गए मकान में दबे कदमों से पहुंची। अंदर कुछ व्यक्ति कस्बे की एक बड़ी ज्वेलरी शॉप में लूटपाट की योजना बना रहे थे। पास में ही दो बिना नंबर सहित तीन बाइक खड़ी थी। पुलिस ने चारों ओर से मकान को घेर अंदर बैठे सभी 6 बदमाशों को डिटेन कर अवैध हथियार और वहां खड़ी तीनों बाइक जप्त की। जिसे आरोपियों ने चोरी की होना बताया।

इस पर सभी आरोपियों को गिरफ्तार कर बीएनएस की विभिन्न धाराओं व आर्म्स एक्ट में मुकदमा दर्ज किया गया। आरोपियों को कोर्ट में पेश कर रिमांड पर लिया जाएगा। रिमाण्ड में इनसे पुलिस इनके गिरोह में शामिल अन्य व्यक्तियों एवं अन्य घटनाओं के बारे में पूछताछ करेगी। थाना पुलिस की सजगता से कस्बे में होने वाली एक गंभीर बड़ी वारदात को निष्फल किया जा सका।

# प्रतापगढ़ प्रशासन द्वारा किया गया खाद बीज उर्वरक वितरण दुकान का आकस्मिक निरीक्षण



पदमावत मीडिया

**प्रतापगढ़ ।** जिला कलेक्टर डॉ अंजली राजोरिया के निर्देश पर किसानों के हितार्थ जिले के सभी ब्लॉक में उपखंड अधिकारी एवं तहसीलदार गण द्वारा निजी खाद बीज उर्वरक वितरण दुकानों का आकस्मिक सघन निरीक्षण कराया गया जिसमें कई स्थानों पर उर्वरक विक्रेताओं द्वारा निर्धारित मूल्य से अधिक राशि पर उर्वरक वितरण करने तथा बिना बिल वाउचर के साथ वितरण करने के मामले संज्ञान में आएं हैं। साथ ही उपलब्ध मात्रा और वितरण के भौतिक सत्यापन में भी अनियमितता प्रदर्शित हुई है। ऐसे सभी विक्रेताओं के विरुद्ध FCO रूल्स 1986 तथा आवश्यक वस्तु अधिनियम के तहत प्रकरण तैयार किए जाकर लाइसेंस निरस्ती की कार्यवाही प्रस्तावित की जाएगी। इस संबंध में जिला कलेक्टर महोदया द्वारा सभी उर्वरक विक्रेताओं का भौतिक सत्यापन कराया जा रहा है

जिसमें मूल्य से अधिक राशि वसूलने वाले तथा उपलब्ध स्टॉक के विपरीत वितरण करने वाले दुकानदारों के साथ साथ जिले में संचालित समस्त क्रय विक्रय सहकारी समितियों, लैंप्स, पैक्स का भी भौतिक सत्यापन कराते अनियमितता करने वाले संचालकों के विरुद्ध भी कार्यवाही के निर्देश दिए गए है।

यह कार्यवाही आगामी फसल बुवाई तक संचालित रहेगी

कृषि विभाग, को ऑपरेटिव विभाग को भी इस संबंध में नियमित कार्यवाही के निर्देश दिए गए है।

# अंतरराष्ट्रीय स्तर की वर्ल्ड कप प्रतियोगिता मे उदयपुर की तनिष्क पटवा ने कायाकिंग/ड्रैगन बोट खेल में जीता कास्य पदक

## उदयपुर की तनिष्क पटवा ने चीन मे आयोजित वर्ल्ड कप मे भारत देश के लिए जीता कास्य पदक

पदमावत मीडिया

**उदयपुर ।** भारतीय ड्रेगन बोट चेयरपर्सन व उदयपुर में जलक्रीड़ा के जनक श्री दिलीप सिंह चौहान ने बताया कि चीन में अंतरराष्ट्रीय कैनो फेडरेशन द्वारा दिनांक 23 से 28 अक्टूबर 2024 तक आयोजित सीनियर महिला ड्रैगन बॉट के वर्ल्डकप में भारतीय महिला टीम ने शानदार प्रदर्शन करते हुए कांस्य पदक भारत की झोली में डाला।उदयपुर और राजस्थान के लिए यह पदक इसलिये महत्वपूर्ण है कि इस पदक विजेता भारतीय महिला टीम में उदयपुर की अंतरराष्ट्रीय खिलाड़ी सुश्री तनिष्क पटवा ने भी भारतीय टीम का प्रतिनिधित्व किया वह इस खेल में अंतरराष्ट्रीय स्तर की वर्ल्ड कप प्रतियोगिता मे उदयपुर का यह प्रथम पदक है। भारतीय कयाकिंग एवं केनोइंग संघ के अध्यक्ष प्रशांत कुशवाहा ने बताया कि उक्त प्रतियोगिता के लिए इस टीम का चीफ कोच उदयपुर के श्री दिलीप सिंह चौहान को नियुक्त किया गया था तथा दिलीप सिंह जी की अगुवाई में ही इस अंतरराष्ट्रीय प्रतियोगिता हेतु सम्पूर्ण भारत से श्रेष्ठ खिलाड़ियों में से मजबूत टीम का चयन किया गया था जिसका अभ्यास कैम्प लगभग 1 माह तक भोपाल मध्यप्रदेश में लगाया गया था श्री दिलीप सिंह चौहान के अनुसार कैम्प में इन खिलाड़ियों के अभ्यास में ही लग गया था कि इस बार यह टीम जरूर अंतरराष्ट्रीय स्तर पर पदक जीत कर आएगी।

उदयपुर की अंतरराष्ट्रीय पदक विजेता खिलाड़ी सुश्री तनिष्क पटवा ने बताया कि इस प्रतियोगिता में बहुत ही कड़ा मुकाबला था परन्तु सभी खिलाड़ियों के आपसी तालमेल व मेहनत का ही नतीजा है कि हमने अंतरराष्ट्रीय स्तर पर पदक जीता है पटवा ने कहा कि इसका श्रेय में मेरे कोच श्री दिलीप सिंह चौहान व श्री निश्चय सिंह चौहान व उदयपुर में मेरे साथी खिलाड़ियों को देना चाहती हूं जिन्होंने मुझे इस काबिल बनाया की अंतरराष्ट्रीय स्तर पर उदयपुर की पहचान बना सकू।

राजस्थान कायाकिंग संघ के सचिव महेश पिम्पलकर का कहना है कि पूर्व में भी अंतरराष्ट्रीय स्तर पर उदयपुर राजस्थान के कई खिलाड़ियों ने भारत का प्रतिनिधित्व किया है पर पहली बार उदयपुर की खिलाड़ी अंतराष्ट्रीय पदक विजेता टीम में शामिल थी जो कि उदयपुर के लिए गर्व की बात है तथा इस परिणाम के बाद यहां के खिलाड़ी इनसे और भी प्रेरणा लेंगे तथा राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय स्तर की प्रतियोगिता में अपना शत प्रतिशत देंगे। उदयपुर के कायाकिंग कैनोइंग ड्रैगन बोट कोच निश्चय सिंह चौहान ने बताया कि उदयपुर में इस खेल के संसाधन न के बराबर होते हुए भी यहाँ के खिलाड़ी विगत कई सालों से अंतरराष्ट्रीय स्तर पर खेल चुके है साथ ही कई राष्ट्रीय पदक उदयपुर की झोली में डाल चुके है और इस बार तो प्रथम बार अंतरराष्ट्रीय स्तर पदक विजेता भारतीय टीम का प्रतिनिधित्व उदयपुर की बेटी ने भी किया था हम उदयपुर प्रशासन, उदयपुर के खेल




प्रेमियों के साथ ही साथ राजस्थान क्रीड़ा परिषद व राजस्थान के खेल मंत्री से भी अपील करते हैं कि समय रहते इस खेल व खिलाड़ियों की सुध ले और इन्हें इस खेल की सुविधाएं, खेल संसाधन और आर्थिक सहायता प्रदान करावे अन्यथा यह खेल इनके नजरअंदाज के कारण कही इतिहास ही बनकर न रह जाये। उदयपुर की खूबसूरत फतेहसागर झील की भौगोलिक स्तिथि वह पर्यटन का अच्छा केंद्र होने से पूर्व मे भी कही बार वाटर स्पोर्ट्स अकादमी का प्रस्ताव सरकार को दे चुके है लेकिन अब तक कोई सुनवाई नहीं हो पाई है

तनिष्क पटवा की इस उपलब्धि पर राजस्थान कायाकिंग कैनोइंग संघ के सपूर्ण कार्यकारिणी कैनो स्प्रिंट चेयरमैन पियूष कच्छवाहा, राजस्थान कायाकिंग संघ के अध्यक्ष आर. के धाभाई, उपाध्यक्ष चंद्र गुप्त सिंह चौहान, संघ के उपाध्यक्ष भगवान स्वरुप वैष्णव, राजस्थान ड्रैगन बोट चैयरमेन अजय अग्रवाल, सालालोम चैयरमेन नवल सिंह चुण्डावत,कैनो पोलो चैयरमेन वीरम देव सिंह कृष्णावत,चैयरमेन तुषार मेहता, तकिनीकी सलाहकार दीपक गुप्ता, त्रिलोक वैष्णव राजस्थान कायाकिंग कैनोइंग संघ के सभी अधिकारियो ने पदक जितने पर शुभकामनायें प्रेषित करी।

# श्री महावीर कॉलेज में इंटर कॉलेजिएट यूनिवर्सिटी ऑफ राजस्थान बास्केटबॉल (फीमेल) टूर्नामेंट का आगाज

पदमावत मीडिया



**जयपुर ।** श्री महावीर कॉलेज में सोमवार को दो दिवसीय इंटर कॉलेजिएट बास्केटबॉल (फीमेल) टूर्नामेंट शुरू हुआ । दो दिवसीय इस टूर्नामेंट के पहले दिन राजस्थान के अलग अलग क्षेत्रों से आई टीमो ने अपना एवं अपने टीम मैनेजर कोच का परिचय दिया। टूर्नामेंट में राजस्थान के प्रमुख कॉलेज जिनमे श्री महावीर कॉलेज, बियानी इंस्टिट्यूट ऑफ फिजिकल एजुकेशन, भवानी निकेतन पी जी कॉलेज, सेन्ट जेवियर कॉलेज, अलंकार पी जी कॉलेज, कानोड़िया कॉलेज, यू टी डी इत्यादि हिस्सा ले रहे है।

सोमवार को कार्यक्रम की शुरूआत मुख्य अतिथि डॉ सरीना कालिया (विभागाध्यक्ष, फिजिकल एजुकेशन, राजस्थान विश्वविद्यालय), सुरेन्द्र मीणा असिस्टेंट डायरेक्टर (फिजिकल एजुकेशन स्पेशलिस्ट, राजस्थान विश्वविद्यालय), ऑब्जर्वर के रूप में राजस्थान विश्वविद्यालय के राजेन्द्र सिंह मेड़तिया ने दीप प्रज्वलित करके किया। मुख्य अतिथि डॉ सरीना कालिया ने अपने अभिभाषण में खेलो का जीवन में महत्व को दर्शाते हुए विधार्थियों को एकाग्रता, बुद्धि कौशल का उपयोग करते हुए खेलने के लिए प्रोत्साहित किया। इस अभिभाषण से न केवल विधार्थियों को प्रोत्साहन मिला बल्कि उनके आत्मविश्वास में भी वृद्धि हुई। संस्था के कोषाध्यक्ष महेश काला ने विधार्थियों को खेलने पर जोर दिया और साथ ही साथ अपने अभिभाषण में व्यक्त किया कि अध्ययन के साथ साथ खेलो को भी महत्व दिया जाना चाहिए । महावीर दिगम्बर जैन शिक्षा परिषद के अध्यक्ष उमरावमल संघी, मानद मंत्री सुनील बख्शी, कॉलेज कन्वीनर सीए प्रमोद पाटनी ने सभी टीमों को शुभकामनाएं प्रेषित की। प्राचार्य डा. आशीष गुप्ता ने आये हुए सभी अतिथियों का धन्यवाद दिया। इसके पश्चात् मुख्य अतिथि डॉ सरीना कालिया ने मैच प्रोग्राम की घोषणा की।

# निर्वाचन आयोग द्वारा निर्धारित समयावधि में पूर्ण करें निर्वाचन कार्य रिटर्निंग अधिकारी पर्वत सिंह चुंडावत

## प्रकोष्ठ प्रभारी अधिकारियों की बैठक में रिटर्निंग अधिकारी ने दिए निर्देश



पदमावत मीडिया

**सलूंबर।** विधानसभा उपचुनाव-2024 के तहत सोमवार शाम को उपखण्ड कार्यालय के सभागार में रिटर्निंग अधिकारी की अध्यक्षता में प्रकोष्ठ प्रभारी अधिकारियों की बैठक हुई। इस दौरान रिटर्निंग अधिकारी पर्वत सिंह चुंडावत ने विभिन्न प्रकोष्ठों द्वारा अब तक किए गए कार्यों की समीक्षा करते हुए कहा कि सभी प्रकोष्ठ प्रभारी निर्वाचन आयोग द्वारा निर्धारित समय अवधि में निर्वाचन संबंधी कार्य पूर्ण करना सुनिश्चित करें।

बैठक में रिटर्निंग अधिकारी ने सभी प्रकोष्ठ प्रभारी अधिकारियों से अब तक हुए कार्यों की जानकारी लेते हुए समीक्षा की ओर उन्होंने कहा कि सभी कार्य निर्वाचन आयोग द्वारा निर्धारित समय अवधि में पूर्ण किए जाएं।

रिटर्निंग अधिकारी ने कहा कि सभी प्रकोष्ठ प्रभारी निर्धारित समय की पालना करते हुए चुनाव आयोग की गाइडलाइन के अनुसार मतदान तिथि तक किये जाने वाले दायित्वों को गुणवत्ता के साथ पूरा करें। बैठक में पेड न्यू□, चेक पोस्ट, स्टोर व्यवस्था □ानून व्यवस्था, सी विजिल सहित अन्य विषयों पर चर्चा कर सम्बंधित प्रकोष्ठ प्रभारियों को आवश्यक दिशा निर्देश दिए।

रिटर्निंग अधिकारी ने अधिकारियों को कहा कि मतदान केन्द्रों पर बिजली, पानी की निर्बाध आपूर्ति बनी रहे, इसके लिए क्षेत्रवार नोडल अधिकारी निरंतर निगरानी रखें।

प्रकोष्ठवार कार्यों की समीक्षा कर दिए आवश्यक दिशा निर्देश

बैठक में चुनाव संचालन, आदर्श आचार संहिता एवं शिकायत प्रकोष्ठ, स्वीप प्रचार-प्रसार, वीडियोग्राफी एवं फोटोग्राफी व अन्य विविध व्यवस्थाओं के प्रभारी अधिकारियों व सहायक प्रभारी अधिकारियों को आवश्यक व्यवस्थाओं एवं कार्यो को लेकर दिशा निर्देश दिए। बैठक में एसीईओ दिनेश चंद्र पाटीदार, डीटीओ सुरेन्द्र सिंह गुलिया, विजेंद्र सिंह गहलोत, पुष्पक मीणा, हेमंत खटीक, सहित नायब तहसीलदार, बीडीओ सहित प्रकोष्ठों के प्रभारी अधिकारी मौजूद रहे।

# घर बैठे मतदान कर दिखाई लोकतंत्र के प्रति आस्था

## होम वोटिंग का प्रथम चरण प्रारंभ, सामान्य प्रेक्षक ने किया निरीक्षण

पदमावत मीडिया

**उदयपुर ।** सलूम्बर विधानसभा उपचुनाव-2024 के तहत भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार सोमवार से होम वोटिंग का प्रथम चरण प्रारंभ हुआ। जिला निर्वाचन अधिकारी अरविन्द पोसवाल के निर्देशन में होम वोटिंग टीमों ने बुजुर्ग और दिव्यांग मतदाताओं के घर-घर पहुंच कर मत की गोपनीयता का पूर्ण ध्यान रखते हुए उनसे मतदान कराया। भारत निर्वाचन आयोग की ओर से नियुक्त सामान्य प्रेक्षक जे विजयारानी ने होम वोटिंग प्रक्रिया का निरीक्षण किया। घर बैठे मतदान का अवसर पाकर मतदाताओं ने खुशी व्यक्त करते हुए निर्वाचन आयोग तथा जिला प्रशासन की पूरी टीम का आभार व्यक्त किया।

रिटर्निंग अधिकारी सलूम्बर पर्वतसिंह चुण्डावत ने बताया कि प्रथम दिन 66 वरिष्ठ नागरिक तथा 14 दिव्यांगजन सहित कुल 80 मतदाताओं की होम वोटिंग के लक्ष्य के मुकाबले क्रमशः 65 वरिष्ठ नागरिकों और 14 दिव्यांग सहित कुल 79 मतदाताओं ने अपने मताधिकार का उपयोग किया। इस प्रकार प्रथम दिन 98.75 प्रतिशत मतदान हुआ।

सामान्य प्रेक्षक ने किया निरीक्षण

सामान्य प्रेक्षक जे विजयारानी ने सलूम्बर विधानसभा क्षेत्र का दौरा कर होम वोटिंग प्रक्रिया का निरीक्षण किया। सामान्य प्रेक्षक ने मतदान दलों को निर्वाचन आयोग के दिशा-निर्देशों की अक्षरशः पालना करने तथा मत की गोपनीयता किसी भी स्थिति में भंग नहीं होने देने के निर्देश दिए।

होम वोटिंग टीमों का प्रशिक्षण

उदयपुर जिला मुख्यालय पर जिला निर्वाचन अधिकारी (कलक्टर) अरविंद पोसवाल के निर्देशन में होम वोटिंग के लिए गठित दलों का प्रशिक्षण हुआ। उप जिला निर्वाचन अधिकारी दीपेंद्रसिंह राठौड़ की उपस्थिति में हुए प्रशिक्षण में राज्य स्तरीय मास्टर ट्रेनर डॉ. महामाया प्रसाद चौबीसा ने टीमों को भारत निर्वाचन आयोग की गाइड लाइन, होम वोटिंग के लिए अपेक्षित सावधानियां, मत की गोपनीयता, मतदान पूर्व व मतदान पश्चात की रिपोर्टिंग आदि के संबंध में प्रशिक्षण दिया।

दल में एक एमओ, एक पीआरओ, एक पीओ-प्रथम, एक पुलिसकर्मी व एक वीडियोग्राफर शामिल रहे। प्रशिक्षण के उपरान्त दलों ने आवंटित क्षेत्रों के लिए प्रस्थान किया।

दूरदराज क्षेत्रों में पहुंच कर कराया मतदान

होम वोटिंग का प्रथम चरण सोमवार से प्रारंभ हुआ। 8 नवम्बर तक चलने वाले प्रथम चरण में टीमें 85 वर्ष से अधिक आयु के तथा 40 प्रतिशत से अधिक विकलांगता वाले दिव्यांगजनों जिन्होंने होम वोटिंग का विकल्प चुना है, उनके घर-घर जाकर मतदान कराएगी। प्रथम चरण में अनुपस्थित पाए गए मतदाताओं को 9 एवं 10 नवम्बर को होने वाले द्वितीय चरण में अवसर दिया जाएगा। दोनों ही चरणों में अनुपस्थित रहने वाले मतदाताओं को मतदान का अवसर नहीं मिलेगा। वे मतदाता बूथ पर जाकर भी अपने मताधिकार का उपयोग नहीं कर पाएंगे।

683 मतदाता होम वोटिंग के लिए चिन्हित

विधानसभा क्षेत्र सलूम्बर में होम वोटिंग के अंतर्गत कुल 683 मतदाता वोटिंग करेंगे जिनमें 85. श्रेणी के 588 मतदाता एवं निशक्तजन (40 प्रतिशत से अधिक) श्रेणी के 95 मतदाता डाक मतपत्र के माध्यम से होम वोटिंग करेंगे। प्रथम दिन टीमों ने बेहुती, उदयपुरिया जागीर, वेजपुर, निम्बोदा, सगतडा, बडावली, लोदा, डाल, नामचोत डाल, सेरिया कन्तोडा, बडगाँव, करेली, करावली, सलूम्बर, खोडाव व अगाटिया में घर-घर जाकर चिन्हित मतदाताओं से मतदान कराया।

मंगलवार 5 नवंबर को टीमें सिंघटवाडा, डेकली, चावंड, अम्बाला, मायर, सगतडा, बडावली, गुडेल, बरोडा, बांरा, नोली, थडा, सेरिया, अदवास, कड़ीमंगरी, सल्लाडा, माकडसीमा, दोलपुरा, चिबोड़ा, राठोड़ो



का गुडा, सूरो का कुआ सलुम्बर, बस्सी सामचोत, खेतावतपुरा, बडगांव, बाणा खुर्द में होम वोटिंग कराएंगी। 6 नवम्बर को नेवातलाई, कोटडी, पाडला, खोडी मऊडी, झालरदेवी, नाल हल्कार, सराडा, पाल सराडा, केजड, नीमच चंदोडा, सगतपुर, ओडा (रठोड़ा), रठोड़ा, कोटा, कांट, रतनपुरा, भानपुर, धारोद, दुदर, डांगीवाडा मेथुड़ी, पादरडा, श्यामपुरा (गातोड), वीरपुरा, दवाणा, जूनीझर, जावद, खरका, पानी कोटडा, सराडी, सिंघावली, ओरवाडिया, कानपुरा, अदकालिया, लकीपा, सलूम्बर, सीपुर ढानी व सीपुर मल्लाडा 7 को झाडोल, ढानी मेलाना, परसाद, डेलवास, सेपुर, नावडा, सुरखंड खेडा, देवली, एमनिया पाडला, इंटाली खेडा, बस्सी झुन्झावत, बस्सी जोयरा, खेराड, तुलसियों का नामला, बामनिया, रुआव, खीरावाडा, बिचली मंगरी, उथरदा, कराकली, गातोड, अमरपुरा, धावडिया, जवारडा, नयी झर, वेळवडी, पाराई सलुम्बर, गावड़ापाल, इसरवास, डईला, जैतपुरा व इडाणा और 8 नवम्बर को बलुआ, बेडा बलुआ, सेपुर, कोलर, सुरखंड खेडा, इंटाली, इंटाली पाल, गुडियावाडा, खेराड, बस्सी झुन्झावत, महादेव खेडा, बस्सी सिंघावत, बुझाडा, हीकावाडा, अमलोदा, नौखली, समोड़ा, बंजारों का टांडा, जवारडा, गींगला, मोकातफला, करमातालाब, डिंगरी, मगरा थोरी, सेमाल, भारिया, खरबर, हामीतड, गावड़ापाल, उपलाफला एवं मैथुड़ी में मतदान दल पहुंचकर पात्र मतदाताओं को होम वोटिंग से मतदान करवाएंगे।

# जावर माईन्स थाना क्षेत्र में अवैध शराब की दुकान पर कार्रवाई, पांच लाख रुपये की शराब जब्त

पदमावत मीडिया

**सलूंबर ।** जावर माईन्स थाना पुलिस ने विधानसभा उपचुनाव 2024 के मद्देनज़र चलाए जा रहे विशेष अभियान के अंतर्गत पांच लाख रुपये की अवैध अंग्रेजी और देसी शराब ज़ब्त की। पुलिस अधीक्षक राजेश कुमार यादव के निर्देश पर यह कार्रवाई की गई।

अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक सलुम्बर बनवारी लाल मीणा और वृताधिकारी सराडा चांदमल सिंगारिया के सुपरविजन में, थाना प्रभारी पवन सिंह और चौकी प्रभारी राजेन्द्र सिंह को मुखबिर से सूचना मिली कि अदवास-जावद रोड पर एक अवैध शराब की दुकान संचालित हो रही है। पुलिस टीम ने दुकान पर छापा मारा, जहां एक व्यक्ति दुकान में शराब बेचते पाया गया।





जांच में व्यक्ति ने अपना नाम सुरेश कलाल बताया, जो सलुम्बर के नईजर का निवासी है। दुकान के अंदर डी-फ्रीज में अंग्रेजी, बीयर, और राजस्थान निर्मित देसी शराब पाई गई। सुरेश से शराब बेचने के वैध दस्तावेज पूछे गए, जो वह प्रस्तुत नहीं कर सका।

मौके पर कुल 1287. 52 लीटर शराब ज़ब्त की गई, जिसकी अनुमानित कीमत करीब पांच लाख रुपये है। सुरेश के खिलाफ मामला दर्ज कर जांच जारी है।

# प्रतापगढ़ में मोटरसाइकिल चोरी का आरोपी गिरफ्तार

पदमावत मीडिया

**प्रतापगढ ।** प्रतापगढ़ थाना पुलिस ने 07 जुलाई 2023 को इंद्रा कॉलोनी निवासी मोहम्मद खालिद की मोटरसाइकिल चोरी के मामले में वांछित आरोपी सुभाष उर्फ इतु को गिरफ्तार किया। पुलिस टीम को मुखबिर से सूचना मिली कि आरोपी जीरो माइल चौराहे पर वाहन का इंतजार कर रहा है। तत्परता से कार्रवाई करते हुए पुलिस ने उसे गिरफ्तार



किया और न्यायालय में पेश किया।

गठित पुलिस टीम में थानाधिकारी दीपक बंजारा, थाना प्रतापगढ़, हेड कांस्टेबल कृष्णलाल, कांस्टेबल अशोक, मुकेश, थाना प्रतापगढ़, कांस्टेबल संतोष, मोहन, थाना घंटाली शामिल रहे।

# धम्बोला थाना- 1,67,400 रुपये की नकदी जब्त, आदर्श आचार संहिता का उल्लंघन

पदमावत मीडिया

**डूंगरपुर ।** चौरासी विधानसभा उपचुनाव 2024 के मद्देनजर, थाना धम्बोला अंतर्गत तैनात एफएसटी टीम द्वारा नकदी जब्त करने की कार्रवाई की गई। पुलिस अधीक्षक मोनिका सेन के आदेश और अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक अशोक मीणा के निर्देशन में वृताधिकारी सीमलवाडा राजकुमार राजौरा की देखरेख में, एफएसटी टीम प्रभारी जितेन्द्रसिंह चौहान ने पुलिस दल के साथ शिथल में नाकाबंदी कर वाहनों की चेकिंग की।

इस दौरान, राजस्थान से गुजरात की ओर जा रही कार को रोका गया। चालक शुभम पुत्र कन्हैयालाल पंचाल निवासी रामसौर बडा, थाना धम्बोला से वाहन की तलाशी ली गई, जिसमें 1,67,400 रुपये की नकदी मिली। नकदी के संबंध में वैध दस्तावेज न होने पर, आचार संहिता का उल्लंघन मानते हुए नकदी को जब्त कर लिया गया। मामले में आगे की कार्रवाई जारी है।

पुलिस टीम में एफएसटी प्रभारी जितेन्द्रसिंह चौहान, पुलिस उप निरीक्षक मणिलाल, कांस्टेबल जयेश कुमार, महिला कांस्टेबल अंजली, वीडियोग्राफर गणेश डेण्डोर शामिल रहे।

# सुहागपुरा थाना पुलिस ने स्थाई वारंटी को किया गिरफ्तार

पदमावत मीडिया

**प्रतापगढ़ ।** जिले में वांछित अपराधियों की धरपकड़ अभियान के तहत सुहागपुरा थाना पुलिस ने स्थाई वारंटी धीरजी को गिरफ्तार किया। पुलिस अधीक्षक प्रतापगढ़ विनीत कुमार बंसल के मार्गदर्शन में, पुलिस उप अधीक्षक पीपलखूंट सुनिल कुमार जाखड़ के नेतृत्व और थानाधिकारी सुहागपुरा रमेशचंद्र की अगुवाई में टीम ने यह कार्रवाई की।



गिरफ्तारी में शामिल पुलिस टीम में थानाधिकारी रमेशचंद्र, हेड कांस्टेबल पुनमचंद्र, कांस्टेबल भगवानलाल शामिल रहे। गिरफ्तार वारंटी को न्यायालय में पेश किया गया।

स्वत्वाधिकारी, प्रकाशक एवं प्रधान सम्पादक - पवन जैन पदमावत, प्रधान कार्यलय - गणेश नगर, कांदिवली वेस्ट, मुंबई, महाराष्ट्र से अमुद्रित ऑनलाइन प्रकाशित | मो. 9594542679, e-mail: padmavatmedia@gmail.com web. padmavatmedia.in. नोट» (पीआरबी एक्ट के तहत खबरों के चयन के लिए उत्तरदायी) | सभी विवादों का न्याय क्षेत्र मुम्बई (महाराष्ट्र) होगा | उक्त ई-पेपर को अवैध रुप से छपवाना कानूनन अपराध है।